बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 – 01/भू0अ0नि0(1)मु0स्था0(प्रति उपस्थिति)–03/2022.985.पटना, दिनांक :–22-02-24

आदेश

बिहार विशेष सर्वेक्षण संविदा पद पर विज्ञापन संख्या – 5/2019 के आलोक में विशेष सर्वेक्षण लिपिक के संविदा पद पर श्री कुमार कन्हैया (SCL01605) को नियोजित करते हुए भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय से निर्गत आदेश संख्या–10586 दिनांक 25.08.2020 द्वारा बंदोबस्त कार्यालय, सहरसा में पदस्थापित किया गया। तत्पश्चात् भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1164 दिनांक 06.03.2021 द्वारा निदेशालय अन्तर्गत जी0आई0एस0 लैब को कार्यकारी बनाने के उद्देश्य से सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उपरांत विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य कर रही हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा तैयार किये जा रहे डाटा के सत्यापन के लिए भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में प्रतिनियुक्त किया गया है।

श्री कन्हैया द्वारा निदेशालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत होने के पश्चात् हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा तैयार किये जा रहे डाटा के सत्यापन से संबंधित कोई भी स्पष्ट एवं विस्तृत प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण इससे संबंधित अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य यथा ULPIN का संधारण, भू–नक्शा सॉफ्टवेयर का अपडेशन, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना, विशेष सर्वेक्षण की प्रक्रिया से संबंधित भौतिक विवरणी (जी0आई0एस0) का संधारण एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुआ है। साथ ही ये दिनांक 18.12.2023 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं, जिससे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उपरोक्त के आलोक में कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही, कर्त्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं मनमानापन बरतने के संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक 479 दिनांक 24.01.2024 द्वारा संविदा समाप्ति के विरूद्ध श्री कन्हैया से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा लगभग 25 दिनों के बाद भी अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो इनके मनमानेपन एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना का द्योतक है।

स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संचिका में रक्षित अभिलेखों की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाता हूँ कि इन्हें जी0आई0एस0 लैब को कार्यकारी बनाने के लिए निदेशालय में प्रतिनियुक्त किया गया था एवं इस कार्य के लिए इन्हें सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। इसके बावजूद इनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गयी है एवं कभी भी स्पष्ट प्रविवेदन नहीं दिया गया है, जिसके कारण भू–सर्वेक्षण एवं अन्य महत्वूपर्ण कार्य प्रभावित हुआ है। साथ ही ये दिनांक 18.12.2023 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। इस संबंध में इन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है, परन्तु इनके द्वारा न कोई लिखित और न ही दूरभाष पर कोई उत्तर दिया जा रहा है, जो इनके मनमानापन, कर्त्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता, आदेशोल्लंघन को परिलक्षित करता है। कार्यालय में संधारित उपस्थिति पंजी के अवलोकन से भी स्पष्ट हुआ है कि ये अनाधिकृत रूप से अनपुस्थित रहने के आदतन हैं, जिसके कारण पूर्व में मानदेय की कटौती एवं चेतावनी भी इन्हें दी गयी है। इसके पश्चात् भी इनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हो पाया है। ऐसे कर्मियों को संविदा में बनाए रखने से इसका कुप्रभाव अन्य संविदा कर्मियों पर भी पड़ सकता है।

कृ0पृ0उ0

अतः उपरोक्त के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4) में वर्णित प्रावधान के तहत श्री कुमार कन्हैया, विशेष सर्वेक्षण लिपिक(SCL01605) का संविदा नियोजन अनुपस्थिति की तिथि अर्थात दिनांक 18.12.2023 से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 22/2/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(1)मु0स्था0(प्रति उपस्थिति)–03 / 2022..985..**पटना, दिनांक** :–22-02-2024

प्रतिलिपि :– श्री कुमार कन्हैया, विशेष सर्वेक्षण लिपिक(SCL01605), बंदोबस्त कार्यालय, सहरसा सम्प्रति प्रतिनियुक्त भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि दिनांक 26.02.2024 तक आपको आवंटित कार्यो का प्रभार देना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक प्रभार नहीं देने की स्थिति में आपके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

निदेशक 22/2/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(1)मु0स्था0(प्रति उपस्थिति)–03 / 2022..985..**पटना, दिनांक** :–22-02-2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 22/2/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(1)मु0स्था0(प्रति उपस्थिति)–03 / 2022..985..**पटना, दिनांक** :–22-02-2024

प्रतिलिपि :– श्री मो0 अली, प्रधान लिपिक–सह–प्रभारी आई0टी0सेल / श्री मुन्ना कुमार चौधरी, प्रधान लिपिक–सह–भंडार पाल, भू–अभिलेख एवं परिमाप को को निदेशित किया जाता है कि श्री कुमार कन्हैया द्वारा आई0टी0सेल एवं भंडार से प्राप्त की गयी सामग्रियों की सूची अविलंब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशक 22/2/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(1)मु0स्था0(प्रति उपस्थिति)–03 / 2022..985..**पटना, दिनांक** :–22-02-2024

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एंव R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 22/2/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप